शुक्र पर्वत हाथ में सभी पर्वतो से ऊंचा हो और उसका रंग गहरा, उभरा हुआ तथा लंबी रेखाओ के जाल से भरा हुआ हो तो वह विकसीत माना जाता है। शेष हाथ के बाहर न होने की दशा में यह पर्वत सामान्य होता है। इसमें शुक्र संबंधी गुण सामान्य होते है। यदि यह पर्वत बिलकुल भी उठा हुआ न हो पर्वत सपाट हो दिखने में सिथील हो तो उसे अपूर्ण शुक्र पर्वत आयुष्य रेखा अंगुठे से जीतनी दूर हो शुक्र पर्वत उतना विस्तारीत होता है। और जीतनी अंगुठे के नजदीक होती है, कहा जाता है शुक्र पर्वत उतना संकरा होता है। ऐसे जातक में कामेच्छा की कमी होती है।

शुक्र प्रधान जातक के हाथ में शुक्र पर्वत अच्छी स्थिती में अशुभ चिन्ह रहीत और गहरे रंग का होता है। शुक्र प्रधान जातक स्वस्थ प्रसन्नचीत्त उदार होते है। अपने संगी - साथियों के लिये अच्छे साबीत होते है। इनमें उदासी, पित्तविकार, चिडचिडापन, निस्तेजता या स्वार्थ नही होता है। उनकी जिंदादिली, जीवन्तता और सौन्दर्य विपरीत लिंगी व्यक्ति को आकर्षित करते है। इनमें शारीरीक जोश होता है। उसे सीधे सरल एवं सीमित दायरे में रखने के लिए अच्छी मस्तक रेखा, विवेक और बडे अंगुठे यानी दृढ संकल्प का रहना आवश्यक होता है। यह पर्वत नारी जाती के गुणो से भरा होता है।

पुरुष के हाथ में विकसीत शुक्र पर्वत चीकनी उंगलीया, नुकीले अग्रभाग और हाथ की कोमल त्वचा जातक के गुणो को स्त्रीयोचीत बनाते है। किसी -किसी हाथ में शुक्र पर्वत का अतिशय विकास को देखकर लगता है कि यह त्वचा को फाडकर बाहर आ जायेगा, ऐसा जातक शुक्र संबंधी सभी चीजों को जोश और उत्साह से चाहता है, अगर ऐसे पर्वत पर जाल का चिन्ह हो तो जातक अपने आप पर संयम नही रख पाता। समतल शुक्र पर्वत बहुत बडा न होने पर जातक फुल, संगीत, रुप, रंग, चित्रों में रुची रखता है परंतु कामवासना अधिक नही होती। अत्यधिक जालीयुक्त और उभरा हुआ पर्वत अत्यधिक कामवासना का प्रतीक है। जालीयुक्त शुक्रपर्वत यदि स्त्री के हाथ में हो तो पुरुष के प्रति उसका आकर्षण अधिक होता है और पुरुष के हाथ में हो तो उसकी प्रवृत्ति खतरनाक होती है। क्योकि उसमें जबरजस्त आकर्षण होता है। उसमें वह संयम नही होता जो स्त्रियों में होता है।

शुक्र प्रधान जातक मध्यम कदका सिर से पाँव तक उसका शारीरीक गठन मनमोहक लगता है। त्वचा कोमल, श्याम और एक तरह का आकर्षण लिये होती है। चेहरा गोल या अंडाकार होता है। आँख, नाक, गाल जबडा आदि उचीत उत्थान में होते है। जो उसकी खुबसुरती का द्विगुणीत करते है। स्नायुबद्ध हाथ और भी आकर्षक बनाते है। उनकी चाल में एक लचीलापन होता है जो उनको दुसरो से अलग दिखाता है। उनके भीतर की मानवीय दया, करुणा उन्हे लोकप्रिय बनाती है। उनका अंगुठा लचीला होता है और वह सभी को सहाय

करते है। अपने दुखी या निराशाजनक मित्रो का साथ वह कभी नही छोडता । सभी को सहाय करने का यह स्वभाव का कुछ लोग गलत इस्तेमाल भी करते है। उसे सच्चे प्रेम वाले लोग पसंद होते है। वह हर प्रकार के मनोरंजन, संगीत, नृत्य, दोस्ती-यारी, मौज-मस्ती में रुची रखता है। नीत-नवीन चीजे पसंद करता है।

शुक्र प्रधान जातक विवाह अवश्य करता है। और सामान्यत: कम आयु में ही जल्दी से परीपक्व हो जाने के कारण कम उम्र में ही बडे दिखने लगते है। विवाह का उनका आकर्षण शुद्ध चरित्र और स्वस्थ लोंगो के प्रति होता है। वह परिवार से प्यार करते है। शुक्रपधान जातक मंगल प्रधान जातक के प्रति ज्यादा आकर्षित होते है। इनके बच्चे होना स्वाभाविक है और वैवाहिक जीवन अच्छी तरह बीतता है। शुक्र प्रधान जातक कभी भी आत्महत्या नही करता क्योंकि उसे जीवन निराशाजनक नही लगता।

हाथ में शुक्र पर्वत का विस्थापन अंगुठे की तरफ हो तो जातक की इच्छाये उसकी भावुकता द्वारा नियंत्रित होती है। शुक्र पर्वत का विस्थापन मणिबंध की तरफ हो तो जातक संवेदनशील होता है। शुक्र पर्वत का विस्थापन चन्द्र पर्वत की ओर हो तो जातक कामुक होता है। शुक्र पर्वत का विस्थापन अंगुठे और प्रथम उंगली के बीच स्थान पर हो तो जातक का संगीत के प्रति लगाव होता है और यदि निम्नपर्वत का विस्थापन शुक्रपर्वत की ओर हो तो जातक में प्रेमपूर्ण भावनाओ के साथ सहनशक्ति भी होती है।

बुध और शुक्र समान रुप से विकसीत हो तो जातक में प्यार और बुद्धीमानी का उचीत संमिश्रण पाया जाता है। लेकिन अशुभ होने पर विवाह या अन्य मामलो में लेन-देन अधिक पसंद करता है। उच्च मंगल-शुक्रपर्वत ऐसे जातक सैनिक होते है। लेकिन अशुभ होने पर युद्ध और प्यार में बर्बरता पूर्ण जीत प्राप्त करता है। चंद्रमा और शुक्र पर्वत ऐसे जातक आदर्श प्रेमी होते है। अशुभ होने पर उनकी कल्पनाए कामुक होती है। शुक्र - निम्न पर्वत ऐसे जातक एकतरफा प्रेमी होते है। लेकिन अशुभ होने पर अपनी पत्नि या पति के प्रति अत्याचारी भी होते है।

शुक्र पधान जातक को ज्यादा बिमारीयों का सामना नही करना पडता यदि शुक्र बिगडा हो तो मुत्रपिंड, जननेन्द्रीय, गुप्तरोग संसर्गजन्य बिमारी, कमर की बिमारी, पाचनशक्ति, मधुमेह जैसे रोग संभव है।

जयेश वाघेला

"अष्टम की भाव यात्रा"

अष्टम भाव और अष्टमेश की कल्पना ही व्यक्ति के मन में अमंगल आशंकाएं उत्पन्न कर देती है। किन्तु सोचने वाली बात यह है, कि कुंडली के सभी बारह भावों में से कोई भी ना सिर्फ शुभ है, ना ही सिर्फ अशुभ । इसी प्रकार हमारे अष्टम भाव के भी कुछ विशिष्ट लाभ है। जैसे की अष्टम भाव हमारे जीवनसाथी के परिवार व उनका धन-सुख, वाणी इत्यादि दर्शाता है। इसलिये इस भाव को विवाहित स्त्री के लियें मांगल्य स्थान कहा जाता है।

आध्यात्मिक क्षेत्र में सक्रिय व्यक्तियों के लिए भी यह भाव कोई वरदान से कम नहीं है क्योंकि यहाँ से गूढ़ विद्या, परालौकिक विज्ञान, तंत्र-मंत्र-योग आदि विद्याओं के बारे में जाना जा सकता है। अर्थात् बलवान अष्टम भाव व अष्टमेश की कृपा के बिना कोई भी व्यक्ति इन क्षेत्रों में महारत हासिल नहीं कर सकता। जो इन्सान सही मायने में आध्यात्मिक व संत प्रकृति के है उनकी कुंडली में अष्टम भाव, अष्टमेश के साथ-साथ शनि भी काफी बलवान स्थिति में होते है। इस भाव का कारक शनि है, जो कि वास्तविक रुप में एक सच्चा सन्यासी व तपस्वी ग्रह है। रहस्य, सन्यास, योग-ध्यान, तपस्या, त्याग, धैर्य व मानव-सेवा आदि विषय बिना शनिदेव की कृपा के किसी को भी प्राप्त हो ही नहीं सकते। इसके अलावा जो लोग खोज - अनुसंधान रीसर्च के क्षेत्र से जुडे हुए है उनके लिए भी अष्टम भाव एक खजाने के जीतना मूल्यवान होता है।

इससे यह प्रमाणित होता है कि ज्योतिष में कोई भाव या ग्रह बुरा नहीं होता, बल्कि सभी भाव व ग्रह की अपनी कुछ विशेषताएँ होती है। या युं कहिए कि कोई भी भाव या ग्रह हमारे पूर्व कर्मो के अनुसार ही हमें अच्छा या बुरा फल देने के लिए बाध्य होता है।

अष्टम भाव से हमें आयु का ज्ञान मिलता है। सो यह भाव निधन भाव के नाम से भी जाता है। जन्म कुंडली के जिस भाव का स्वामी अष्टम में स्थित हो, उस भाव संबंधित फल में हानि पहुँचती है। जैसे कि पंचमेश यदि अष्टम में स्थित हो तो संतान संबंधी कष्ट, पूर्व पुण्य में कमी लाभेश यदि यहाँ आ जाये तो जातक के लाभ में कटौती होगी, या फिर बड़े भाई - बहन या मित्र संबंधित समस्याएँ।

अष्टम भाव का मनुष्य की आयु से घनिष्ठ संबंध है। आयुष्य अवधि विचार में अष्टम भाव व अष्टमेश की अहम भूमिका मानी जाती है। इसके अतिरिक्त लग्न-लग्नेश, तृतीय भाव - तृतीयेश, चन्द्र, बृहस्पति व शनि जैसे ग्रह भी आयुनिर्णय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। किसी भी व्यक्ति की आयु उसके पूर्व व वर्तमान कर्मो से प्रभावित होती है। अर्थात् मनुष्य जैसा कर्म करके आता है, और इस जन्म में जैसे कर्म कर रहा है उसका प्रभाव मनुष्य की आयु पर निश्चित रुप से पड़ता ही है। इसलिए आयु का निर्णय सूक्ष्म रुप से करना कठिन बन जाता है। फिर भी उपर कहे गये भाव - भावेश व ग्रहों की कुंडली में बलवान स्थिति मनुष्य को दीर्घायु प्राप्त कराती है तो इससे विपरीत स्थिति में अल्पायु हो सकती है।

व्यक्ति की मृत्यु कहाँ किस प्रकार होगी इसका विचार भी अष्टम भाव से किया जाता है। यदि लग्नेश, पराक्रमेश, लाभेश व सूर्य अष्टम भाव - भावेश .... को प्रभावित करते हो तो मनुष्य आत्मघात कर लेता है। या फिर षष्टेश - लाभेश और मंगल ग्रह का प्रभाव अष्टम भाव और अष्टमेश पर पड़ता हो तो चोट, अकस्मात, आगजनी जैसी दुर्घटना में मृत्यु होती है। क्रुर और पाप ग्रहों का संबंध इस भाव व भावाधि पति के साथ होने से किसी दुर्घटना, चोट या आकस्मिक कष्ट के कारण मृत्यु को बताता है। इन स्थिति से विरोधी स्थिति हो,

मतबल शुभ ग्रहों का संबंध बनता हो तो मनुष्य शांतिपूर्ण अवस्था में मृत्यु पाता है।

वैसे तो अष्टम भाव को सर्वाधिक अशुभ भाव ही मानते है। इसके साथ - साथ छठा व बारहवाँ भाव भी अशुभ माने गए है। यदि अष्टम भाव का स्वामी छठे या बारहवे भाव में बैठा हो, और पाप ग्रहों से प्रभावित हो तो विपरीत राजयोग बनता है। जिसके फलस्वरुप जातक को बहुत सी धन-संपत्ति प्राप्त होती है। इसके पीछे का तर्क यह है कि जब दो अशुभ (नकारात्मक) चीजे मिलती है तो वह शुभ फलदायी हो जाती है।

अष्टम भाव सप्तम स्थान से द्वितीय है। अर्थात यह जीवनसाथी के परिवार, धन सुख के उपरांत उसकी वाणी भी दर्शाता है। यहाँ पाप ग्रहों के प्रभाव से जीवनसाथी की वाणी कठोर - कड़वी - कर्कश हो सकती है। तो शुभ ग्रह उसे मीत - मृदुभाषी दर्शायेंगे । ससुराल का पूर्ण सुख व ससुराल की धन - स्थिति अच्छी होती है।

अष्टम भाव गूढ़ रहस्य, खोज व अनुसंधान से संबंधित भाव है। अतिरिक्त, अष्टम से अष्टम होने के कारण तृतीय भाव भी इन सब के लिए जुडा जानेवाला भाव माना जाएगा। वैसे देखनेवाली बात यह भी है कि पाचवाँ भाव हमारी बुद्धिमत्ता का भाव है। जब किसी भी कुंडली में तृतीय-अष्टम स्थान व उनके स्वामी के साथ पंचम भाव व पंचमेश का संबंध बनता हो तो जातक महान आविष्कारक, गूढ़ खोजकर्ता व उमदा अनुसंधानकर्ता होता है। इनसे संलग्न ग्रहों के स्वभाव के तौर पर यह अनुसंधान भौतिक या आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़ा हो सकता है।

गंभीर व असाध्य व दीर्घकालीन रोगों का संबंध भी अष्टम भाव से ही देखा जाता है। अष्टम भाव स्थित ग्रह द्वारा ऐसे रोगों को पहचान सकते है।

- ☞ सूर्य द्वारा नेत्र, ह्रदय तथा हड्डीयों की बिमारी होती है।
- ☞ चन्द्र द्वारा टी.बी., रक्तविकार या मनोविकार का ज्ञान होता है।
- ☞ मंगल द्वारा रक्तचाप, गुप्त रोग और ऑपरेशन हो सकता है।
- ☞ बुध द्वारा साँस की तकलीफे, दमा, त्वचा रोग, वाणी व मस्तिष्क संबंधी रोग समझ सकते है।
- ☞ गुरु द्वारा मेदस्विता संबंधित रोग हो जाते है।
- ☞ शुक्र द्वारा पुरुषों में शुक्राणुओं की कमी होती है, काम शक्ति से जुडे रोग भी हो जाते है।
- ☞ शनि द्वारा स्नायु, वायु से होने वाली बिमारीयाँ । हॉलाकि यहाँ बैठा शनि जातक को दीर्घायु प्राप्त कराता है।
- ☞ राहु - केतु के साथ कैंसर जैसी गंभीर बिमारीयाँ जुडी है। वहाँ जल तत्व की राशि होती है तो

अष्टम के अशुभत्व की बातों में यह शुभत्व एक और भी है, कि यहाँ से वारसाई संपत्ति भी देखी जाती है। गुप्त धन की प्राप्ति भी यही भाव कराता है। ससुराल परिवार में सुनहरी धनसंपत्ति कितनी होगी वह भी तो अष्टम भाव ही हमें बताता है। तो ऐसे में अष्टम भाव को सिर्फ अशुभ भाव क्यों मांनेगें ।

संकलन कर्ता :

वर्षा धीरज रावल

"दिशाएँ"

North - East - South - West

धरती गोल है। हम प्लोट स्कवेयर (बंद वर्ग) या रेकटेंगल (आयत) चाहते है। दिशाऐं देखना जरुरी है। जगह का सेंटर बेलेन्स होना जरुरी है। घर का सेंटर बेलेन्सींग फेक्टर है। घर के बीच मध्य में खडे हो जाओं दिशायें समज आ जायेंगी पूर्व-पश्चिम - उत्तर-दक्षिण

नोर्थ-उत्तर दिशा अच्छी है। साऊथ-दक्षिण अच्छी नही है यह हमारी सोच है। शहरों में मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग है तो ऊपर वालों की तथा नीचे वालों की परिस्थिति एक जैसी होगी ? या होनी चाहिए ?

यदि मकान मालिक की कुंडली मजबुत है, ग्रह सपोर्ट करते है, फेवरेबल है तो कोई तकलीफ नही होगी, सब लाभ मिल सकते है हर चीज पैसे से मिल सकती है, वक्त अच्छा हो तो सब अच्छा है North पैसा कमाने के अवसर देते है। वेल्थ है मगर NNE स्वास्थ्य खराब है तो मिले अवसर का सही उपयोग कर पायेंगे ? शरीर स्वस्थ नही है, खराब तबियत के कारण मन से भी सही नही होगें। इस प्रकार डिस्टर्ब हुआ मन NE गलत निर्णय लेकर सफल कैसे होगा ? शक्ति, समज मन के विचारो की ताकत से, दिमाग की शक्ति से सब ठीक होगा। ENE तब आनंद का सही अनुभव पाओगे, पैसे कमाने का अवसर, तबियत ठीक है, पैसे आयेंगे तो मन आनंद अनुभव करेगा और आगे बढ़ोगे। यदि यह दिशा खराब हुई तो, पानी या आग मिला तो मजा - आनंद उड जायेगा। यहाँ टोयलेट नही होना चाहिए । आनंद है तो हम समाज तथा कुदरत का भी आनंद लेंगे। मित्र बनायेंगे, सहयोग से हम जीवन को आगे बढायेंगे । सब कुछ ठीक है फिर स्ट्रेस क्यों आया ? ESE मित्र बने, संबंध बने तो किसी ने कुछ कर दिया, बुरा लगा, प्रशंसा से ज्यादा निंदा से स्ट्रेस आता है, तब खर्च होगा, ज्यादा कमाने की सोच आयेगी। धन खर्च भी करोगे तथा धन कमाने की भी चाह बढ़ेगी। SE यदि लिकवीड पैसे की तंगी है तो SE चेक करो क्या समस्या है। यदि आपको बिना काम किये पचास लाख मिल जाये तो ? शॉपिंग करोगे खर्च करने का विचार आता रहेगा आप केश रीच होगे तो आप अपनी मन पसंद वस्तुयें खरीदोगे। SSE पावर कोन्फिडन्स आयेगा। पैसे से ही कोन्फिडन्स आयेगा । पैसे खर्च करना है तथा दान करना है, दान करने से नाम बढ़ेगा । South नाम के साथ यश प्रसिद्धि मिलेगी। दुसरो से भी उत्तम प्रकार की सुविधाएँ प्राप्त करोगे तथा दिखाओगे गाडी, डायमंड इत्यादि। फेमस होना हो तो खर्च करो। दक्षिण दिशा नाम देती है। नाम प्राप्त करना हो तो दान करना यानि धन खर्च करना जरुरी है। इसलिये हम दक्षिण दिशा को अपनाना नही चाहते । मगर मालूम न होने से दूर भागते है। यश प्रतिष्ठा प्राप्त होने पर अहंकार प्रवेश करता है। सही और सच्चे व्यक्ति को छोडकर गलत प्रशंसा करने वाले लोग पसंद आते है। S.S.W. खराब समय S.S.W. का बेडरुम पसंद करते है चाहते है परंतु घमंड - अहंकार के कारण बडों का आदर करना भूल जाते है। अपनी मनमानी चलाते है। जिंदगी हाथों से चली जाती दिखती है। तब हम हमारे अपनो से अपनी व्यथा सुनाके सहानुभूति प्राप्त करते है। तब सही संबंधो की पहचान होती है। जिंदगी में लात पडती है तब संबंध समजते है। दिल हलका करने के लिए बडों की या सही व्यक्ति की आवश्यकता होती है । हमें हमसे बडों का आदर करना चाहिए । अपमान नही करना चाहिए । तब बच्चे भी हमसे सीखकर हमारी इज्जत करेंगे तथा पैसे बचायेंगे। WSW सेवींग (बचत) तथा बच्चों की परवरिश और बच्चों का एज्युकेशन । सेवींग सिर्फ पैसो की नहीं ज्ञान की

भी होनी जरुरी है सही समय पर की हुई सही सेवींग इन्सान को उपयोग में आती है, यदि बच्चे पढ़ते नही है तो WSW चेक करो सेवींग होने के बाद व्यक्ति उससे फायदे की सोचता है । W/West Profit and Gain पश्चिम याने पीछे पूर्व याने आगे जब हम सामाजिक होंगे तो उनसे Profit and Gain का विचार भी करेंगे। बैंक बचत, प्रोपर्टी इनवेस्टमेन्ट के पेपर्स इत्यादि । अब जब नुकसान हुआ तो क्या होगा WNW डीप्रेशन। दुख मानसिक आघात प्रतिघात। तब हम किसकी सहायता लेंगे। मित्रो के पास जायेगें, मगर खाली हाथ भी लौटना पडता है निराशा मिलती है, अपने भी सहाय करने से कतराते है। तब NW बैंक लोन द्वारा सहयोग लेंगे मदत मिलेगी और फिर से एक बार आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। जब नोर्मल हो गये तो हम प्रसिद्धी की तरफ गमन करेंगे । आप जब कोई प्रसिद्ध व्यक्ति के साथ चलते है तो आपके तरफ अन्यों का ध्यान आकर्षित होगा, केन्द्रित होगा और वही सुख आनंद प्राप्त करना चाहते है। इस प्रकार वास्तु कार्य चलता है।

वास्तु पंचतत्व रंग - दिशाएँ

पंचतत्व बैलेन्स होगा तो सफलता मिलती है।

जल तत्व	-	ब्लू रंग
वायु तत्व	-	हरा रंग
अग्नि तत्व	-	लाल रंग
पृथ्वी तत्व	-	पीला रंग
आकाश तत्व	-	सफेद - ब्लू - काला ग्रे)
सही रंग	-	सकारात्मकता देता है।
गलत रंग	-	नकारात्मकता देता है।

घर में रंग लगवाना है डार्क रंगो का उपयोग न करें। क्रीम, ऑफ व्हाईट रंगो का उपयोग करना चाहिए। रंगो का महत्व (प्रयोग निदान) बडा योगदान है।

NNW	जल तत्व - ब्लू रंग - यहाँ पीला या लाल रंग का उपयोग न करें।
NNE	पृथ्वी पानी सोख देता है। पानी आग को बुझा देता है।
NE	जलतत्व - क्रियेटर है तो आग - एनर्जी है।
ENE	वायु तत्व - ग्रीन - ब्लू
E	बैलेन्स न होगा तो स्थिरता नही आती।
ESE	जीवन में स्थिरता चाहते हो तो पृथ्वी साफ रखो।
SES	अग्नि तत्व - लाल रंग । पीला तथा ब्लू रंग न करें।
SSE	पींक, लाईट ग्रीन, अग्नि कोण में टोयलेट नही होना चाहिए-पैसे की तंगी कर्ज-बिमारियाँ आती है।
SSW	पृथ्वी तत्व - पीला रंग - संबंध बनाना
SW	ब्लू और ग्रीन रंग न करे पृथ्वी तत्व नाश हो सकता है।
WSW	टोयलेट नही होना चाहिए - रिलेशन खराब होते है। आपस में बिना कारण झगडे - बिमारियाँ जो जल्दी ठीक न हो।
W	आकाश तत्व - ग्रीन तथा लाल रंगो का उपयोग न करें ।
WNW NW	गलत निर्णय, डायवोर्स का परिणाम आ सकता है। पैसों की तंगी - धंधा ठप्प होना।

१६ दिशाओं की शक्तियाँ



१६ दिशाओं

अंदाजित हर दिशा २२.५ डीग्री होती है।

अस्तु

प्रेमीला पंचाल

"मुहूर्त - शास्त्र"

द्वारचक्र

हर एक मनुष्य को अपना खुद का घर बनाने का सपना होता है। इस सपने को साकार करने के लिए और घर का शुभत्व प्राप्त करने के लिए मनुष्य को मूहूर्त शास्त्र का उपयोग करना चाहिए।

घर बनाने के लिए मुहूर्त शास्त्र में अलग-अलग चक्र का उपयोग बताया गया है। जैसे घर की नीव बनाने के लिए "राहु-चक्र", ग्रह प्रवेश या कुंभ स्थापन के लिए "कलश-चक्र", ग्रहारंभ के लिए "वृष-वास्तु चक्र" इत्यादि।

आज हम बात करेंगे चौखट लगाने के मुहूर्त की। दरवाजे की तीन बाजुऐ और एक दहलीज मिलकर चौखट बनती है। घर के मुख्य द्वार पे लकडी की चौखट लगवानी चाहिए।

लकडे की चौखट घर की सकारात्मकता (Positivity) को घर के बहार जाने नही देती और घर के बाहर की नकारात्मकता (Negativity) को अंदर आने नही देती। इसलिए हमें लकडे की चौखट लगानी चाहिए।

इसान (नेष्ट) ११,१२	पूर्व (श्रेष्ठ) १, २, ३, ४	आग्नेय (नेष्ट) ५-६
१७,१८ उत्तर १९,२० (श्रेष्ठ)	२४, २५, २६, २७ मध्य	१३, १४ दक्षिण १५, १६ (श्रेष्ठ)
९,१० वायव्य (नेष्ट)	२१, २२, २३ पश्चिम (नेष्ट)	७, ८ नैऋत्य (नेष्ट)

नक्षत्र का फल

- १ से ४ नक्षत्र पूर्व दिशा में है, जिसका फल लक्ष्मी प्राप्ती है।
- ५ से १२ नक्षत्र आग्नेय, नैऋत्य, वायव्य व ईशान कोण में है, जिसका फल हानिकारक है।
- १३ से २० नक्षत्र दक्षिण और उत्तर दिशा में है, जिसका फल सुखदायक है।
- २१ से २३ नक्षत्र पश्चिम दिशा में है जो अशुभ फल देते है।
- २४ से २७ नक्षत्र मध्य भाग में है। जिसका फल सुख की प्राप्ति कराना है।

ऊपर का द्वारचक्र "श्री विश्वकर्मा" द्वारा कहा गया है। सूर्य के महानक्षत्र से चंद्र के नक्षत्र तक गिनती करे। जो अंक मिले उसका फल ऊपर देखे।

उदा. दिनांक ०२-०४-२०२२ को सूर्य महाराज पुष्य नक्षत्र में है और चन्द्रमा उत्तरा फाल्गुन में है। पुष्य से उत्तरा-फाल्गुन तक गिनती करके हमें १४ अंक मिले। जो द्वारचक्र में दक्षिण दिशा में है। जिसका फल शुभ एवं सुखदायक है। तो जातक को इस दिन चौखट रखने से शुभफल की प्राप्ति होगी।

इस तरह से हमें द्वारचक्र का उपयोग चौखट बिठाने के लिए करना है।

अस्तु हरि ॐ

- श्रीमती रुपल जे दमणिया

"बृहस्पति और सोना - Gold"

गुरु जिस जातक की कुंडली में अच्छे हो उस जातक को अच्छी विद्या, ख्याति, नाम, मान-सन्मान सभी मिलता है। सोना का बड़ा ही महत्व उनके जीवन में होता है। जिनके गुरु पाप ग्रहो के कारण खराब हालत में होते है उनकी विद्या में हमेशा रुकावट आता है। सोना घर में नही टिकता, कपडे बार-बार उघडते है। बिना बात के लांछन लगते है। सबसे ज्यादा हालात खराब होता है जब जातक को सोना गिरवी रखने की नौबत आती है। जातक को सबकुछ करना चाहिए पर सोना गिरवी नही रखना चाहिए । क्योकि सोना गिरवी रखने के ४० दिन के अंदर-अंदर १० मुसीबत और घेर लेती है। जिस भी जातक का सोना गिरवी पडा है या उसे मुसीबत में बेचना पडा, वो ये बात से जान सकते है। बेचने या गिरवी रखने के बाद कितनी और मुसीबतो का सामना करना पडा। इसलिए पुराना सोना बेचना पडे तो उसकी जगह नया खरीदकर लाना कभी भी बेचकर घर खाली हाथ नही आना चाहिए और जिनका गिरवी पडा है वो भी देखले गिरवी रखने के बाद बच्चो की पढ़ाई लिखाई में दिक्कत, सास की परेशानी, आये दिन घर में किसी ना किसी को दिक्कत होती चली जायेगी। धोखे से किसी का सोना चुरा लेना या अपने पास किसी ने गिरवी रखवाया हो और उसको वापिस देने पे नियत का खराब हो जाना तो भी कुंडली में गुरु कमजोर यानि निर्बल हो जाते है। जिस कारण बहुत सी परेशानिया झेलनी पडती है। जिस किसी का भी सोना गिरवी पडा हो बार-बार कोशिश करने के बाद भी छूटा नही पा रहे हो उनके लिए उपाय -

तांबे की गागर मे ४ किलो चावल, ४ किलो चने की दाल ढकनको पीतल का टांका लगवाकर तेज बहते पानी में जल प्रवाह करे जातक का सोना घर में ४० दिन के अंदर रास्ता बनकर आ जायेगा और उसके बाद भूलकर भी सोना गिरवी कभी ना रखना पडेगा। केसर का तिलक हमेशा जुबान, माथे और नाभि पर लगाये । बच्चो को बड़ो के चरण स्पर्श करने की आदत डलवाये इससे भी गुरु बलवान होते है।

- अस्तु -

संकलन Dr. Harillal Maalde

F.R.M.P., G.R.M.P., S.B.M.
Dispensing Chemist

“फलादेश में वक्री ग्रहो का महत्व”

पंचागमे वक्री ग्रहो राशी अंश कला से घटते दिखाये जाते है। सूर्य जब ग्रह ६, ७, ८ में आये तब वक्री समजना बुध या शुक्र सूर्य के समीप होने से सूर्य २ या १२ में आने से वक्री बनता है । सूर्य चंद्र अक्सर मार्गी रहते है और राहु केतु अक्सर वक्री चलते है।

गोचर में ग्रह वक्री रहने का समय

१) मंगल हर साल तकरीबन ८० दिन वक्री रहता है।

२) बुध साल में ३ से ४ बार वक्री रहता है।

३) गुरु साल में ३ से ४ महिने वक्री रहता है।

४) शुक्र साल में ४५ दिन वक्री रहता है।

५) शनी २½ साल में २ बार यानि १४० दिन वक्री रहता है।

६) हर्षल - नेपच्युन - प्लुटो साल में १ बार वक्री रहता है।

वक्री ग्रहो की दशा काल में उतार - चढ़ाव लाता है।

जन्म के वक्री ग्रह गोचर में जब वक्री होते है तब फल मिलता है। जन्म के समय का वक्री ग्रह, जन्म के पहले कितने दिन वक्री था वह देखे, जन्म होने पर वक्री कितने दिन हुए उसकी गिनती करे, जितने दिन हुए उतने साल का फल मिलता है।

गोचर में अशुभ वक्री ग्रह जन्म के अशुभ वक्री ग्रह पर से पसार होने पर बल अच्छा पर फल खराब देता है। गोचर में बुध वक्री होने पर कोई भी पेपर पर सही नहीं करने चाहिए बात-चीत में ध्यान रखना चाहिये।

शुक्र वक्री होने पर प्रेम बढ़ता है। मंगल वक्री होने पर अहम (EGO) बढ़ता है, अकस्मात होने का खतरा रहता है।

गुरु वक्री होने पर व्यक्ति आध्यात्मी बनता है। शनी वक्री होने पर व्यापार रोजगार में तकलीफ आती है। हर्षल वक्री होने पर स्वतंत्रता मिलती है। नेपच्युन वक्री होने पर समझदारी बढ़ती है। प्लुटो वक्री होने पर दुख की अनुभुती होती है।

नितीन भट्ट

"जीवन की सफलता का राज लग्न और लग्ने के पास"

ज्योतिष में कुंडली के प्रथम स्थान में "ल" दर्शाया जाता है जिसे हम "लग्न" कहते है। विचित्र बात है जब वर और वधू के दाम्पत्य जीवन में प्रवेश के प्रसंग को भी "लग्न" कहते है। लग्न का अर्थ क्या है यह जानने की जिज्ञासा मन में जागृत होती है। लग्न अर्थात जोडा जाना । ज्योतिष में प्रथम भाव को जातक के साथ संलग्न यानी की जोडा जाता है। इसलिये प्रथम भाव को "लग्न" कहते है।

जातक के जन्म के समय पूर्व में जो राशी उदित होती है उसे "लग्न" कहते है। यह वो क्षण है जब आत्मा शरीर का रुप धारण करके पहली बार पृथ्वी पर आती है। पूर्व जन्म में किये हुए कर्म के अनुसार ही तय किये गये समय पर जातक का जन्म होता है। जन्म का समय अवकाशीय ग्रहो और पूर्व जन्म में किये हुए कर्मो के फल स्वरुप वर्तमान जन्म जो अभी भुगतने आया है वह फल स्वरुप ग्रह की स्थिती होती है। यानि की जन्म लग्न ही जातक का पूर्व जन्म और वर्तमान जन्म को जोडने वाली कडी है इसलिये प्रथम भाव को "लग्न" कहते है। इसके शुक्ष्म अध्यन के लिये नौमांष ०-९ और षष्टियांश कु. डी६० चार्ट जो जातक के पूर्व जन्म को दर्शाती है। उसके आधार पर वर्तमान जन्म ग्रहों की स्थिती होती है।

सृष्टि पर होने वाले कार्य योजना बद्ध होते है। जातक का जो भी लग्न होगा उसके पीछे कुछ उद्देश रहेगा। प्रथम भाव एक ऐसा भाव है जो एक जीवन को जन्म दे रहा है। उस जीव की ऊर्जा कैसी होगी वो लग्न तय करेगा। लग्न से बडा कोई भाव नही । इस भाव की ऊर्जा निर्माण, पुरुषार्थ की है । यहाँ जातक स्वयंम् है। लग्न की ऊर्जा सर्वोत्तम है जो बारह भावो के फल को निश्चित करती है।

सामान्यत: यह मान्यता है मनुष्य खाली हाथ आया है खाली हाथ जायेगा परंतु मनुष्य अपने पूर्व जन्म के कर्मो के साथ आया था और वर्तमान कर्मो की पूजीं लेकर जायेगा ।

अभ्यासी व्यक्ति ज. कु का अभ्यास करते समय कुंडली की गहराई तक जाता है वो स्वाभाविक है। कुंडली में होने वाले योग, दशा, ग्रहो की गति, गोचर के ग्रह का भ्रमण चलित कु यह सब पर विशेष ध्यान देते है और वह आवश्यक भी है। परंतु जन्म कुंडली के जन्म लग्न पर अगर कम आंकलन किया अथवा कम ध्यान दिया तो फल-कथन में चूक होने की संभावना होती है। सचोट फलादेश के लिये बाकी सब योग के साथ लग्न और लग्नेश को भी इतना ही महत्व देना है। जिंदगी की सफलता और निस्फलता कुंडली के लग्न और लग्नेश की स्थिती पर अवलंबित है।

ज्योतिष विज्ञान एक महासागर है और उसके अभ्यासु व्यक्ति इस महासागर से मोती निकालने का सतत प्रयत्न करते है। सबको मोती मिले यह जरुरी नही पर अनुभव सबको मिलेगा वह तय है।

किसी भी कुंडली के लिये उसका प्रथम भाव और लग्नेश का Placement सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। क्योंकि लग्न और लग्नेश की स्थिती कुंडली की स्थिती बताने के लिये प्रयाप्त होती है अगर ये दोनों मजबूत होते है तो कुंडली में बनने वाले छोटे- बड़े राज-योग का फल जातक को मिलेगा और कुंडली बलवान मानी जायेगी। वही अगर पीडीत अवस्था रहेगी तो बडे - बडे राजयोग के फल भी मिलना मुश्किल होता है। कुंडली कमजोर हो जायेगी। कुंडली के बारह भाव जातक के अलग - अलग चीजों को दर्शाती है। केवल और केवल प्रथम भाव ही ऐसा भाव है जो जातक को दर्शाता है। इस तरह प्रथम भाव और भावेश कुंडली मे महत्व पूर्ण है।

"जन्म लग्न और लग्नेश का आंकलन ही जातक के जीवन की सफलता और निस्फलता का आधार है। आइये अब जानते है बलवान और निर्बल लग्न के आंकलन के लिये महत्व पूर्ण बाबते (यहाँ पर कुछ महत्वपूर्ण अंशको दर्शाने का प्रयास लिया है। इसके अलावा और भी शक्यतायें है।)

- ✧ लग्न और लग्नेश के अंश । अंश को मानव के शरीर के साथ जोडा गया है, जिसे हम अवस्था कहते है। युवा अवस्था यहाँ श्रेष्ठ मानी गई है।
- ✧ लग्न और उस पर बैठने वाले ग्रह और दोनों पर पडने वाली ग्रहो की दृष्टि यह शुभ ग्रह रहे तो कुंडली के बल में वृद्धि होगी । अगर पाप ग्रह युक्त कुंडली के बल को कम करता है।
- ✧ अगर लग्न और लग्नेश पापकर्तरी में होंगे तो कुंडली कमजोर पडती है।
- ✧ लग्नेश का केन्द्र और त्रिकोण में बैठना मित्र, उच्च का पाप प्रभाव से मुक्त कुंडली के बल में वृद्धि करता है।
- ✧ लग्नेश ६,८,१२ में स्थित हो अथवा इनके स्वामी के साथ बैठना और दृष्ट होना कुंडली के फल को कमजोर करना है।
- ✧ लग्नेश नीचे, अस्त, शस्त्रु क्षेत्री वक्री पाप ग्रह युक्त हो तो लग्न को निर्बल बनाता है।
- ✧ लग्नेश नवांश में और अष्टकवर्ग में भी उनकी स्थिती देखनी जरुरी है।

यहाँ प्रथम भाव और भावेश का कमजोर होना जीवन में ज्यादा उतार - चढ़ाव देता है। अधिक समस्या स्वास्थ संबंधित परेशानीयाँ, मान-हानि, यश न मिलना सूचित करता है।

लग्न-लग्नेश बलवान होने पर जातक सभी प्रकार से सुखी, यश, स्वस्थ, प्रसिद्ध, पूर्ण विकास और उन्नति देता है और कुंडली के कई दोषों को समाप्त करता है।

तन रुपी लग्नेश मन रुपी चन्द्रमा, आत्मविश्वास रुपी सूर्य अगर कुंडली में तीनो साथ दे तो विपरीत दशा के समय में भी व्यक्ति को उन्नति की ओर अग्रसर करता है। कोई भी विकट परिस्थिती में धैर्य बनाये रखता है और सफलता प्राप्त करता है। यहाँ लग्नेश जीवन उन्नत के लिये राह दिखायेगा।

चन्द्रमा मन को काबू कर एक स्थायी मार्ग देगा और सूर्य आत्मविश्वास देगा।



यह एक युवक की कुंडली है धनु लग्न है। लग्नेश गुरु आठवे स्थान में उच्च का होकर भी बल हीन है। मंगल के साथ बैठा है। मंगल व्ययेश है जो क्रुर ग्रह है जो लग्नेश को कमजोर कर रहा है। यहाँ लग्न भी निर्बल बन रहा है। लग्न में पाप ग्रह राहु, नेपच्युन, हर्षल बैठे है। उपरांत निर्बल शुक्र जो केतु युक्त है उसकी दृष्टि भी प्रथम भाव पर पड रही है। जो लग्न को अधिक निर्बल कर रही है।

लग्न और लग्नेश का निर्बल होना, यहाँ सातम भाव की कमजोरी यह सूचित करती है कि लग्न भी विलंब से तथा दाम्पत्य जीवन और भागीदारी में कठिनाईं बताता है।

सुखस्य मूलं धर्मः। सुख के मूल में धर्म है, धर्म परायणता से सुख प्राप्त होता है।

- प्रीति ठाकर

संदेश

ज्योतिषशास्त्र केवल वेदांग नही यह मुलतः विज्ञान है। जिसे प्रतिपादित करने की आवश्यकता नही है। वैज्ञानिक आधार पर दैनंदिन क्रियाकलापो में इसका प्रयोग किया जाना आवश्यक है। देश काल और पात्र के अनुरुप ज्योतिष के सिद्धांतो कि व्याख्या निरंतर होती रहनी चाहिए अन्यथा उससे भी रुके पानी की तरह सझाग आने लगेगी वैसे वर्तमान मे भी ऐसा हो रहा है। सहस्त्राब्दियो पूर्व हमारे ऋषियों द्वारा बिना उपकरणो के माध्यम से इस विषय के मूलाधार अर्थात खगोल का अध्ययन कर ज्योतिषशास्त्र को प्रतिपादित किया गया। यह सिद्धांत आजकी कसौटी पर भी खरे उतर रहे है, फिर भी समय के साथ उनमे बदलाव की आवश्यकता महसूस हो रही है।

इन्ही सब बातो को ध्यान में रखते हुए वर्ष २००९ में आचार्य अशोकजी के नेतृत्व में वैदिक ज्योतिष संस्थान (रजि.) मुंबई का गठन किया गया । संस्था का मूल उद्देश ज्योतिष के प्रति जनमानस में फैली भ्रांतियो का निवारण एवं इसके आधारो की पुनः स्थापना कर ज्योतिष के बिखरे हुए सिक्को को एकत्र कर जनमानस के लिये सुलभ बनाना, पंचांगो का एकीकरण, एक ही कुंडली की अलग-अलग गणना तथा भिन्न - भिन्न मतो के बजाय एक ही गणना तथा मत होना चाहिए। उपरोक्त विचार को ध्यान मे रखते हुए प्रारंभ में प्रथम वर्ष वैदिक ज्योतिष प्रवेश, वैदिक हस्तरेखा विज्ञाता द्वितीय वर्ष - वैदिक ज्योर्तिभूषण, तृतिय वर्ष वैदिक ज्योतिष मार्तंड चतुर्थ वर्ष स्वाध्याय एवम् प्रथमवर्ष वैदिकवास्तु प्रवेश, द्वितीय वर्ष वैदिक वास्तुभूषण, वैदिक स्वरज्ञान ज्ञाता, प्रारंभ में स्नातक एवं तत्पश्चात स्नातकोत्तर स्तर पर ज्योतिष अध्यन प्रारंभ किया गया है।

मुझे खुशी है कि वैदिक ज्योतिष संस्थान मुंबई द्वारा संस्था के संयुक्त तत्वाधाम में आयोजित गुरु पुर्णिमा महोत्सव की पहल की गई जिससे जनमानस में ज्योतिष को लेकर फैल रही भ्रांतियो को दूर किया जा सके ।

मै इसकी सफलता हेतु अपनी हार्दिक शुभकामनाए प्रेषित करता हूँ।

- डॉ. हरीलाल मालदे

–: અંગ્રેજી મીડીયમમાં બાળકોને મૂક્યા હોય તો આ વાંચો :–

મેં ભારતદેશના ઉત્તરથી દક્ષિણ અને પૂર્વથી પશ્ચિમના વિસ્તીર્ણ વિસ્તારોનું પરિભ્રમણ કર્યું છે. આ દેશ એટલો સમૃધ્ધ છે અને તેની પ્રજાનું નૈતિક મૂલ્યોનું સ્તર એટલું ઉન્નત છે કે મેં દેશમાં કોઈ નાગરિક એવો ન જોયો કે જે ભિક્ષુક હોય કેજે ચોર હોય. હું નથી ધારતો કે આવા ઉત્કૃષ્ટ નૈતિક મૂલ્યવાન દેશને આપણે ક્યારેય પણ જીતી શકીએ. સિવાય કે આ દેશની આધ્યાત્મિકતા અને સાંસ્કૃતિક વારસો કે જે રાષ્ટ્રની કરોડરજ્જુ સમાન છે તેનો આપણે નાશ કરી શકીએ.

અને આથી હું દરખાસ્ત કરું છું કે આપણે તેની ગૌરવસમી સદીઓ પુરાણી પ્રાચીન શિક્ષણ પ્રણાલી અને તેની સાંસ્કૃતિક પ્રથાઓને મૂળથી જ બદલીએ કે જેના પરિણામે હિન્દુસ્તાનીઓ માનતા થાય કે જે કંઈ વિદેશી છે અને ઇંગ્લીશ છે તે તેમના કરતા વિશેષ સારું છે અને મહાન છે અને આ કારણે તેઓ પોતાની ઓળખ તેમજ આત્મગૌરવ ગુમાવશે. પોતાનું નિજી સાંસ્કૃતિક સ્વરૂપ ગુમાવશે અને તેઓ એવા નાગરિકો બની જશે કે '' જેવા આપણે તેમને ઈચ્છીએ છીએ.'' (કાળ અંગ્રેજો–સ્વૈચ્છિક ગુલામો)

એ ખરા અર્થમાં આપણા આધિપત્યવાળું ગુલામ રાષ્ટ્ર બની રહેશે.

આપણને ઇતિહાસ(કે ઉઠા) એવો ભણાવાયો કે આપણે અંધકાર યુગમાં જીવતા હતા.

કલકત્તા, ઓક્ટોબર ૧૨, ૧૮૩૬

પરમ પ્રિય પિતાજી !

આપણી શાળાઓ ખૂબ સરસ રીતે ઉન્નતિ કરી રહી છે. હિન્દુઓ પર આ શિક્ષણનો પ્રભાવ અદ્‌ભુત થયો છે. અંગ્રેજી શિક્ષણ મેળવ્યું છે એવો એક પણ હિન્દુ એવો નથી જે સાચા હૃદયથી પોતાના ધર્મને અનુસરતો હોય. થોડા એવા છે જે નીતિના વિચારથી પોતાને હિન્દુ કહે છે અને કેટલાક ખ્રિસ્તી બની રહ્યા છે. એ મારો વિશ્વાસ છે કે જો આપણી આવી જ શૈક્ષણિક નીતિ ચાલતી રહેશે તો અહીંની સન્માનિત જાતિઓમાં આગામી ત્રીસ વર્ષોમાં એક પણ એવો બંગાળી બાકી નહીં બચ્યો હોય જે મૂર્તિપૂજક હોય. આ એમને ખ્રિસ્તી બનાવ્યા વિના જ થઈ જશે. એમના ધર્મમાં હસ્તક્ષેપ કરવાની આવશ્યકતા પણ નહીં રહે. આપણું (અંગ્રેજી) જ્ઞાન અને વિચારશીલતા વધારવાથી એ કામ આપમેળે થઈ જશે. આવી સંભાવના પરમને અત્યંત પ્રસન્નતા થઈ રહી છે.

વાંચવા પછી તમારું સ્વાભિમાન શું કહે છે ?

આપનો પ્રિય
ટી. બી. મેકોલ

VEDIC JYOTISH SANSTHAN

RESULT

VEDIC JYOTISH PRAVESH

No.	*Name of the Student*	*Class*	*Marks*
1	PRAGNA A SHETH	DISTINCTION	79
2	ABHISHEK SHARMA	DISTINCTION	72
3	CHETAN B GADHIYA	DISTINCTION	71
4	BHAMINI I BHATT	FIRST	66
5	UMASANKAR H PANDYA	FIRST	66
6	TRISHA R SINGH	FIRST	65
7	BINITA P THAKKAR	FIRST	65
8	DHARMAVEER T GUPTA	FIRST	65
9	PRASHANT D BADHEKA	FIRST	64
10	TRUPTI H PAREKH	FIRST	63
11	NEETA M KHATRI	FIRST	63
12	NIYANTA D KATELIA	FIRST	63
13	AYUSHI B SHAH	FIRST	62
14	RAKESH KUMAR SINGH	FIRST	62
15	VARSHA H JOSHI	FIRST	62
16	DHARMESSH DESAI	FIRST	61
17	BHAGWANDAS N MEHTA	SECOND	59
18	KSHITIJ B DAVE	SECOND	58
19	MEENA V ANAND	SECOND	57
20	SANKET A GARG	SECOND	56
21	TUSHAR R JOSHI	SECOND	56
22	RAMESH M ASHAR	SECOND	55
23	MAITRI R KENIA	SECOND	54
24	JINESH M SHAH	SECOND	53
25	KUDDIMAL J MODI	SECOND	53
26	RAKESH K PANCHAL	SECOND	51
27	INDIRA M GUPTA	SECOND	50
28	PRAFUL P SETA	SECOND	50
29	YOGESH U KHATRI	SECOND	50
30	VINOD B SODHA	SECOND	49
31	GEETA M BHUTA	SECOND	48

VEDIC JYOTISH SANSTHAN

RESULT

VEDIC HAST REKHA VIGNYATA

No.	*Name of the Student*	*Class*	*Marks*
1	TRISHA R SINGH	DISTINCTION	93
2	KSHITIJ B DAVE	DISTINCTION	90
3	SANKET A GARG	DISTINCTION	85
4	DHARMAVEER T GUPTA	DISTINCTION	82
5	CHETAN B GADHIYA	DISTINCTION	81
6	AYUSHI B SHAH	DISTINCTION	80
7	VARSHA H JOSHI	DISTINCTION	80
8	DHARMESSH DESAI	DISTINCTION	77
9	ABHISHEK SHARMA	DISTINCTION	75
10	KUDIMAL J MODI	DISTINCTION	70
11	PRAFUL P SETA	FIRST	68
12	PRAGNA A SHETH	FIRST	68
13	NIYANTA D KATELIA	FIRST	67
14	NEETA M KHATRI	FIRST	66
15	VINOD B SODHA	FIRST	64
16	PRASHANT D BADHEKA	FIRST	64
17	JINESH M SHAH	SECOND	59
18	MAITRI R KENIA	SECOND	58
19	RAKESH K PANCHAL	SECOND	58
20	TRUPTI H PAREKH	SECOND	57
21	BHAMINI I BHATT	SECOND	56
22	INDIRA M GUPTA	SECOND	52
23	TUSHAR R JOSHI	SECOND	48
24	MEENA V ANAND	SECOND	45
25	RAKESH KUMAR SINGH	SECOND	40
26	UMASANKAR H PANDYA	SECOND	37
27	BHAGWANDAS N MEHTA	SECOND	36
28	GEETA M BHUTA	SECOND	36
29	RAMESH M ASHAR	SECOND	36

VEDIC JYOTISH SANSTHAN

RESULT

VEDIC VASTU PRAVESH

No.	*Name of the Student*	*Class*	*Marks*
1	NIYANTA D KATELIA	DISTINCTION	76
2	NIKITA D KARANI	DISTINCTION	71
3	BHAMINI I BHATT	FIRST	68
4	TRISHA R SINGH	FIRST	65
5	DHARMAVEER T GUPTA	FIRST	65
6	RAKESH K PANCHAL	FIRST	64
7	VIBHA K SHETH	FIRST	64
8	PRAGNA A SHETH	FIRST	63
9	MAITRI R KENIA	FIRST	62
10	TUSHAR R JOSHI	FIRST	62
11	MANISHA B SHARMA	SECOND	58
12	SANKET A GARG	SECOND	58
13	YOGESH U KHATRI	SECOND	58
14	AYUSHI B SHAH	SECOND	56
15	HARSHITA B PATEL	SECOND	56
16	NEETA M KHATRI	SECOND	56
17	KSHITIJ B DAVE	SECOND	56
18	DHARMESSH DESAI	SECOND	53
19	ABHISHEK J SHARMA	SECOND	53
20	TEJASH P PANCHAL	SECOND	51
21	VINOD B SODHA	SECOND	51
22	KUDDIMAL J MODI	SECOND	50
23	PRASHANT D BADHEKA	SECOND	50
24	GEETA M BHUTA	SECOND	48
25	INDIRA M GUPTA	SECOND	46

શ્રદ્ધા અને વિશ્વાસ સાથે પોતાના કાર્યને વળગી રહેનારને વહેલી તકે કે મોડી, સુંદર તક સાંપડે જ છે.

VEDIC JYOTISH SANSTHAN

RESULT

VEDIC JYOTISH BHUSHAN

No.	*Name of the Student*	*Class*	*Marks*
1	GAURAV U SHARMA	DISTINCTION	72
2	REETA N MEHTA	DISTINCTION	71
3	PIYUSH K SAVLA	FIRST	69
4	ASWINI A PRABHU	FIRST	69
5	MOHIT SINGH	FIRST	68
6	SHILPA S PARAB	FIRST	68
7	ANAND P UPADHYAY	FIRST	67
8	YAGNESH V SHAH	FIRST	67
9	MITAL A KAMDAR	FIRST	66
10	ANAND V SONI	FIRST	66
11	MENA G MERIA	FIRST	65
12	NITIN D DAVE	FIRST	65
13	SHREYA J SHAH	FIRST	64
14	UNNATI B SHAH	FIRST	64
15	DEEPA A JOSHI	FIRST	63
16	MEGHA A SHAH	FIRST	62
17	GOVARDHAN T KULLAI	FIRST	61
18	RAJ R MAKHIJA	FIRST	61
19	SUNIL G DANDULIYA	FIRST	61
20	VIKASH MISHRA	FIRST	61
21	NAVNITKUMAR H RANA	SECOND	59
22	NITIN P VORA	SECOND	59
23	PREMAL P SONI	SECOND	59
24	BHAVESH J NATHWANI	SECOND	58
25	PRAKASH M SHINDE	SECOND	58
26	SARITA P SHARMA	SECOND	57
27	SASHIKANT P KURANI	SECOND	57
28	SANDEEP NEEMA	SECOND	56
29	SONAL D OZA	SECOND	56
30	BHAVIKA R JOSHI	SECOND	55
31	HETAL M MODI	SECOND	53
32	HIMANSHU R OZA	SECOND	52
33	MANISH D CHHEDA	SECOND	52
34	NAYNA H MAKWANA	SECOND	52
35	HITENDRA A PARMAR	SECOND	51

VEDIC JYOTISH SANSTHAN

RESULT

VEDIC JYOTISH BHUSHAN

No.	Name of the Student	Class	Marks
36	NILESH J RUPANI	SECOND	50
37	DIVAYA V PARIKH	SECOND	48
38	URVI S SATAYUGA	SECOND	48
39	SANJAY A BHATT	SECOND	48
40	DIPIKA V PANCHAL	SECOND	46
41	NISHA M GADA	SECOND	46

VEDIC VASTU BHUSHAN

No.	Name of the Student	Class	Marks
1	HIMANSHU R OZA	DISTINCTION	77
2	SHILPA S PARAB	DISTINCTION	74
3	DEEPA A JOSHI	DISTINCTION	73
4	MITAL A KAMDAR	DISTINCTION	71
5	ANAND V SONI	DISTINCTION	71
6	MENA G MERIA	DISTINCTION	71
7	NISHA M GADA	DISTINCTION	71
8	RESHMA M GANGWANI	FIRST	66
9	SHREYA J SHAH	FIRST	63
10	VIKASH MISHRA	FIRST	63
11	AVANI V JOSHI	FIRST	62
12	NITIN P VORA	FIRST	62
13	UNNATI B SHAH	FIRST	61
14	SANJAY A BHATT	SECOND	54
15	ANAND P UPADHYAY	SECOND	53
16	NAVNITKUMAR H RANA	SECOND	51
17	MOHIT SINGH	SECOND	47
18	ASWINI A PRABHU	SECOND	45
19	RAJ R MAKHIJA	SECOND	43
20	SANDEEP NEEMA	SECOND	41

VEDIC JYOTISH SANSTHAN

RESULT

VEDIC SWARGYAN GNYATA

No.	*Name of the Student*	*Class*	*Marks*
1	UNNATI B SHAH	DISTINCTION	93
2	GAURAV U SHARMA	DISTINCTION	86
3	MENA G MERIA	DISTINCTION	86
4	NAYNA H MAKWANA	DISTINCTION	86
5	SHILPA S PARAB	DISTINCTION	86
6	NAVNITKUMAR H RANA	DISTINCTION	85
7	SHREYA J SHAH	DISTINCTION	85
8	REETA N MEHTA	DISTINCTION	84
9	ANAND P UPADHYAY	DISTINCTION	84
10	VIKASH MISHRA	DISTINCTION	83
11	ANAND V SONI	DISTINCTION	82
12	PARU J PUROHIT	DISTINCTION	82
13	SONAL D OZA	DISTINCTION	82
14	HIMANSHU R OZA	DISTINCTION	81
15	RAJ R MAKHIJA	DISTINCTION	81
16	SUNIL G DANDULIYA	DISTINCTION	81
17	RESHMA M GANGWANI	DISTINCTION	80
18	DIVAYA V PARIKH	DISTINCTION	77
19	PREMAL P SONI	DISTINCTION	77
20	ASWINI A PRABHU	DISTINCTION	76
21	YAGNESH V SHAH	DISTINCTION	76
22	DIPIKA V PANCHAL	DISTINCTION	73
23	MITAL A KAMDAR	DISTINCTION	73
24	MOHIT SINGH	DISTINCTION	73
25	MEGHA A SHAH	DISTINCTION	72
26	SASHIKANT P KURANI	DISTINCTION	72
27	AVANI V JOSHI	DISTINCTION	71
28	SANJAY A BHATT	DISTINCTION	71
29	BHAVIKA R JOSHI	FIRST	69
30	DEEPA A JOSHI	FIRST	69
31	PRAKASH M SHINDE	FIRST	67
32	SARITA P SHARMA	FIRST	67
33	VISHAKHA C VADIA	FIRST	67
34	GOVARDHAN T KULLAI	FIRST	64

VEDIC JYOTISH SANSTHAN

RESULT

VEDIC SWARGYAN GNYATA

No.	*Name of the Student*	*Class*	*Marks*
35	NISHA M GADA	FIRST	62
36	HITNDRA A PARMAR	SECOND	56
37	BHAVESH J NATHWANI	SECOND	52
38	NITIN P VORA	SECOND	46

VEDIC JYOTISH MARTAND

No.	*Name of the Student*	*Class*	*Marks*
1	JIGISHA H MANDALYA	DISTINCTION	71
2	KALPESH J SURATHI	DISTINCTION	70
3	KAMLESH J SURATHI	SECOND	68
4	KAMLESH V SHAH	SECOND	67
5	HEENA N PANCHAL	SECOND	66
6	DILIP N GALA	SECOND	65
7	UADAY N NAYAK	SECOND	63
8	BHAKTI K NANDOLA	SECOND	62
9	SURENDER A RATTI	SECOND	58
10	NILESH M GHELANI	SECOND	56
11	YASHWANT O PATITRODA	SECOND	55
12	DARSHANA A SHAH	SECOND	53
13	URVI S SATAYUGA	SECOND	40

"आकाशगंगा"

ज्योतिष शास्त्र और अंध विश्वास है या क्या है ? और ये विज्ञान है तो क्या और कैसे ? राशिया और नक्षत्र बताये ? ऐसे प्रश्नों के उत्तर जीवन में देने वाला कोई मिला तो वो है वैदिक संस्थान आचार्य श्री अशोकजी ।

संयोग वश उनसे भेंट हुई और हमने उनकी जनवरी २०२२ की ज्योतिष कक्षा जो कि निशुल्क है में प्रवेश ले लिया। कक्षा के प्रथम दिवस पर ही आचार्य जी ने हमे आकाश दर्शन के बारे में बताया।

जिसका हमें आतुरता से इंतजार था, आचार्यजी और उनके साथ से सभी शिक्षकों से हमें कुछ तो आकाश के बारे में जानकारी दी जा चुकी थी, फिर भी प्रत्यक्ष देखने का अनुभव तो जरुरी था, आखिर लगभग ४ महिने बाद इंतजार की घड़ियां ९ अप्रैल को समाप्त हुई और हम बस द्वारा आकाश दर्शन के लिए निकले। गाते गुनगुनाते अंताक्षरी खेलते हुए मस्ती भरे सफर के साथ रास्ते में जलाराम काठियावाडी के यहाँ स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया, शाम ५ बजे हम धरमपुर गुजरात के विल्सन हिल रिसॉर्ट पहुंचे। सभी इंतजाम हमारी कल्पना के से कहीं ज्यादा ही उत्तम था वहाँ पहुचते ही हम सब के लिए चाय और नाश्ता तैयार था। चाय पीने के बाद छत पर जा कर देखा तो आचार्य जी की पूरी टीम हमारे आकाश दर्शन की तैयारी में जुटी थी। बड़ी-बड़ी दूरबीन प्रोजेक्टर स्क्रीन लैपटॉप और साथ हमारे बैठने के लिए दरी तथा कुर्सी लगा दी गई।

शाम करीब ६.३० को सबसे पहले चांद देखने के लिए सभी उत्सुकता के साथ लाइन में लग गए।

वहाँ हमें पहले ब्रह्मांड के बारे में और आकाशगंगा के बारे में विस्तार से जानकारी दी और साथ ही ध्रुव तारा, सप्तर्षि मंडल, राशियों का उदय चिन्ह ग्रह स्क्रीन पर दिखाते हुए समझाया । उसके पश्चात् दूरबीन से भी दिखाया गया ये सब कुछ बहुत ही सुंदर अदभुत था।

रात्रि ८ बजे फिर भोजन के लिए सब नीचे एकत्रित हुए और स्वादिष्ट भोजन के बाद फिर से आकाश दर्शन को विस्तार दिया गया।

सभी का सामंजस्य सराहनीय था। समुचित आचार्यजी तो गागर में सागर है। पूरे कार्यक्रम को सुंदरता से क्रियान्वित किया गया और समय सारणी के अनुसार आगे बढ़ते रहे।

सोचने और विचार करने के साथ आश्चर्य की बात तो ये है कि कैस हमारे ऋषि मुनियों द्वारा राशिया तथा नक्षत्रों की आकृति ताराओं के झुंड से किस तरह बनायी होगी ? उन्हें ग्रहो की राशियों की नक्षत्रों की इतनी विस्तृत जानकारी थी जबकि दूरबीन का तो अविष्कार हुआ भी नही था। उन्हे ना सिर्फ नाम ही पता थे ब्लकि उनकी आकृति गति उनका प्रभाव सभी बारीकियों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया।

ये सभी ग्रह नक्षत्र व ग्रहों की आभा का मानव जीवन पर प्रभाव पड़ता है और मानव के जीवन में आने वाले समय के बारे में जानकारी निकाल पाना कितना बडा विज्ञान है, काल की गणना गणित के माध्यम से कितनी सटीक की गई है ना अचंभित होने की बात साथ ही गर्व की भी, हम उस देश के वासी है जहाँ के ज्ञानी पूरी दुनिया से हजारो वर्ष आगे है जो खोज आज नासा कर रहा है तो वो हमारे यहाँ पहले ही की जा चुकी है।

इस आकाश दर्शन ने मेरे अन्दर का अंधियारे को दूर कर मुझे प्रकाश में खड़ा किया है।

सच में भाग्यवान हूँ तभी मुझे वैदिक ज्योतिष संस्थान से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

अज्ञान तिमिरांधस्य ज्ञानांजनशलाक्या ।
चक्षुरुमीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ।।

- शारदा आर. कुमावत

तारा दर्शन की झलकियाँ

तारा दर्शन की झलकियाँ